सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल, पंचशील में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। इसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य जीके मिश्रा व सीनियर कॉऑर्डिनेटर स्वाति वैष्णव मौजूद रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ सामूहिक प्रार्थना करके किया गया। उसके बाद विद्यालय स्पेशल एज्यूकेटर अंकिता राठौड़ ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को मनाने का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए इक्कीस प्रकार की अक्षमताओं का विश्लेषण किया। ऐसे दिव्यांग बालक कैसी-कैसी कठिनाइयों का सामना करते हुए जीवन जीते हैं उसकी अनुभूति कराने के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन सहित ज्ञानपरक खेलों का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के छात्रों व अध्यापकों को मंच पर बुलाकर एक हाथ से गुब्बारा फुलाकर गांठ लगाना, आंखों को ढककर विभिन्न वस्तुओं को स्पर्श से पहचानना, कांच में उल्टा देखकर लक्ष्य भेदना, विभिन्न वस्तुओं के नाम एक साथ याद रखना आदि खेलों के माध्यम से अक्षमताओं को अनुभूत कराया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ने प्रतिज्ञा की कि हम विशिष्ट बालकों के प्रति सम्मान का भाव रखेंगे।